Seventeenth Loksabha

an>

Title : Road connectivity from Panchkula to Chandigarh International Airport.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): सभापति महोदय, मैं इस महान सदन का ध्यान चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ओर दिलाना चाहता हूं। यह एयरपोर्ट मोहाली, पंजाब क्षेत्र में स्थित है, जबकि हरियाणा राज्य भी इसमें बराबर का हिस्सेदार है। चंडीगढ़, पंचकुला और मोहाली ट्राई सिटी के लिए यह अत्यंत आवश्यक एयरपोर्ट है। वहां से घरेलू उड़ानों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का भी संचालन किया जाता है। पंचकुला के लोगों को एयरपोर्ट जाने के लिए मोहाली की तरफ से 25 किलोमीटर लंबा रास्ता तय करना पड़ता है, जबकि पंचकुला से एयरपोर्ट मात्र चार-पांच किलोमीटर लंबा है। एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी न होने के कारण यात्रियों पर समय व ईंधन का अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

यह सरकार की स्वच्छ पर्यावरण की प्रतिबद्धताओं के भी विपरीत है। पंचकुला को हरियाणा सरकार ने मेट्रोपॉलिटन सिटी घोषित किया है। जिस प्रकार से गुड़गांव और फरीदाबाद का विकास हरियाणा प्रदेश में पिछले 50 सालों में हुआ है, सरकार का इस तरफ पूरा ध्यान है। दिल्ली, गुरुग्राम और फरीदाबाद में जनसंख्या के दबाव को देखते हुए सरकार पंचकुला को एक बहुत ही बेहतरीन शहर के रूप में विकसित करना चाहती है। उसके लिए यह आवश्यक है कि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए हरियाणा की ओर से रास्ता दिया जाए।

महोदय, मैं माननीय सड़क व परिवहन मंत्री जी से मांग करता हूं कि एयरपोर्ट के लिए पंचकुला की ओर से कनेक्टिविटी दी जाए, ताकि यात्रियों की सुविधाओं के साथ-साथ समय व ईंधन के बोझ को कम किया जा सके।